# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| | | |
|---|---|---|
| **Class:** 6 **3rd Lang.** | **Department: Hindi** | **Study material** |
| **Question bank and Grammar** | Topic: 2 **–** उड़ने का सुख | **Note: Please complete your work.** |

प्रश्नोत्तर

अति लघु प्रश्न-

1. मोनू ने क्या खरीदा?
उत्तर= मोनू ने **छोटी-सी चिड़िया** खरीदी|

2. चिड़िया कैसी थी?
उत्तर= चिड़िया **रंग-बिरंगी** थी?

3. मोनू प्यालियों में क्या रखता था?
उत्तर= मोनू प्यालियों में **मूँग, पानी और चने** रखता था|

4. मोनू को घर में क्यों रहना पड़ रहा था?
उत्तर= **शहर में कर्फ्यू के कारण** मोनू को घर में रहना पड़ रहा था|

5. कर्फ्यू हटने की खबर सुनकर मोनू की क्या किया?
उत्तर= कर्फ्यू हटने की खबर सुनकर मोनू **ख़ुशी से झूम उठा**|

6. मोनू ने चिड़िया का नाम क्या रखा?
उत्तर= मोनू ने चिड़िया का नाम **'मुनिया'** रखा|

7. नगर में दंगा होने पर क्या हुआ|
उत्तर= नगर में दंगा होने पर **पूरे शहर में कर्फ्यू लग गया**|

8. चिड़िया पिंजरे में उदास क्यों थी?
उत्तर= चिड़िया पिंजरे में उदास थी क्योंकि **वह पिंजरे में बंद थी**|

9. पिता ने मोनू को क्या समझाया?
उत्तर= पिता ने मोनू को समझाया कि **उसे चिड़िया को आज़ाद कर देना चाहिए**|

10. कर्फ्यू लंबा खिंचने का मोनू पर क्या प्रभाव पड़ा?
उत्तर= कर्फ्यू लंबा खिंचने के कारण मोनू **घर पर बैठ कर उब गया था**|

11. मोनू किसका दुख समझ गया था?
उत्तर= मोनू **पिंजरे में बंद चिड़िया का** दुख समझ गया था|

# व्याकरण (Grammar) (Note Book)

1. वचन बदलिए|

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क. चिड़िया | -- | चिड़ियाँ | ख. लड़का | -- | लड़के |
| ग. बिल्ली | -- | बिल्लियाँ | घ. पिंजरा | -- | पिंजरे |
| ङ. प्याली | -- | प्यालियाँ | च. बरामदा | -- | बरामदे |
| छ. गली | -- | गलियाँ | ज. बेटा | -- | बेटे |

2. दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलिए

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सुंदर | = | सुंदरता | शीतल | = | शीतलता |
| सफल | = | सफलता | वीर | = | वीरता |
| मनुष्य | = | मनुष्यता | मित्र | = | मित्रता |
| बच्चा | = | बचपन | लंबा | = | लंबाई |

2. विशेषण शब्द रेखांकित कीजिए|

| | (उत्तर) |
|---|---|
| क. माँ ने स्वादिष्ट खाना बनाया| | स्वादिष्ट |
| ख. मीना के हाथ पर गरम चाय गिर गई। | गरम |
| ग. राधा ने एक लाल गुड़िया खरीदी। | लाल |
| घ. उसने साफ़-सुथरी पोशाक पहनी थी। | साफ़-सुथरी |
| ङ. पाँच लड़के मैदान में कसरत कर रहे हैं \| | पाँच |
| च. मेहुल दूध में थोड़ी चीनी डाल दो| | थोड़ी |
| छ. नटखट बच्चे कक्षा में शोर मचा रहे हैं| | नटखट |
| ज. माला के मोती चमकीले हैं| | चमकीले |

3. वाक्य बनाइए|

क. लगाव - मुझे अपनी माँ से लगाव है|

ख. चिड़िया - आसमान में चिड़िया उड़ रही है|

ग. रंग-बिरंगी - बगीचे में रंग-बिरंगी तितलियाँ हैं|

घ. उदास - मीना उदास बैठी है|

ङ. पिंजरा - तोता पिंजरे में सो रहा है|

...............................................

दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए- (MCQ) (पढ़ने वा समझने के लिए)

1. मोनू ने मुनिया के लिए पिंजरे में क्या रखा?

a) खिलौने b) फल

c) कपड़े d) दाना और पानी

2. मोनू ने मुनिया के साथ सबसे ज्यादा समय कहाँ बिताया?

a) बगीचे में b) छत पर

c) पिंजरे के पास d) स्कूल में

3. मोनू के पिता का नाम क्या था?

a) प्रकाश बाबू b) सुरेश बाबू

c) रमेश बाबू d) महेश बाबू

4. मोनू के पिता ने उसे क्या सलाह दी?

a) पढ़ाई करने की b) चिड़िया को बेचने की

c) नया पिंजरा खरीदने की d) चिड़िया को पिंजरे से आजाद करने की

5. मुनिया चिड़िया पिंजरे में क्यों फुदकती थी?

a) खेलने के लिए b) उड़ने की कोशिश में

c) खाना खाने के लिए d) सोने के लिए

6. मोनू किसके साथ छत पर गया?

a) माँ के साथ b) दादी के साथ

c) दोस्त के साथ d) पिताजी के साथ

7. अपनी आज़ादी छिन जाने के कारण कौन उदास थी?

a) मधुमक्खी b) चिड़िया

c) तितली d) परी

8. कर्फ्यू लगने के कारण कौन अपने मित्रों से मिलकर बात नहीं कर सकता था?

a) राजू b) मोहन

c) मोनू d) मीत

उत्तर

**1.** d) दाना और पानी

**2.** c) पिंजरे के पास

3. a) प्रकाश बाबू

4. d) चिड़िया को पिंजरे से आजाद करने की

5. b) उड़ने की कोशिश में

6. d) पिताजी के साथ

7. b) चिड़िया

8. c) मोनू

.......................................

Textbook Exercise - Q 1. (Page No.-19) Q 2. Q 3. (Page No.- 20)

बात भाषा की Q 3. (Page No. -22)

.................................................

## अनुच्छेद - मेरा प्रिय पक्षी

मेरा प्रिय पक्षी मोर है| मोर दिखने में बहुत ही सुंदर होता है। मोर की गर्दन पतली और लंबी होती है। नीले रंग की गर्दन के कारण मोर को नीलकंठ भी कहा जाता है। इसके शरीर का रंग नीला और बहुत ही चमकीला होता है। मोर की आँखें छोटी और काले रंग की होती है। इसके सिर पर ताज बना होता है| मोर के पंखों में अनेक रंग होते हैं| मोर फल, बीज, अनाज और कीड़े खाता है। जब आकाश में काले घने बादल छाते है तो मोर पंख फैलाकर नाचता है। मोर हमारे भारत देश का राष्ट्रीय पक्षी है।

................................................